QRG GROUP

HAVELLS

29th June, 2019

| | |
|---|---|
| The National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, 5th Floor<br>Plot No. C/1, G Block<br>Bandra Kurla Complex<br>Bandra (E)<br>**Mumbai- 400 051**<br><br>**NSE Symbol : HAVELLS** | BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>**Mumbai- 400 001**<br><br>**Scrip Code : 517354** |

**Sub: Newspaper Clippings – Notice of AGM, E-voting and Book Closure**

Dear Sir,

In terms of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with corresponding circulars and notifications issued thereunder, we are enclosing herewith the Newspaper clippings from the Economic Times (English) and Hindustan (Hindi) editions of 29th June, 2019 where a Notice has been published by Company after completion of despatch/ emailing of Notice of the next AGM of the Company together with the Annual Report as well as the Notice of Book Closure.

The above is for your information and records.

Thanking you.

Yours faithfully,
for **Havells India Limited**

**(Sanjay Kumar Gupta)**
**Company Secretary**

**Encl: as above**






Get Glow that your desire

Preity Zinta

Helpful to control blemishes & pimples, purifying the skin & skin cracking.

Remove dryness, roughness, excess oil & deep rooted dirt.




New Dr. Juneja's Roop Mantra®

Ayurvedic Cream, Capsules, Soap & Face Wash

24x7 Helpline: 0171-3055111 | www.roopmantra.com | Available at all medical & general stores.


# उकसाने पर हाथी ने सात को मारा था

## गुस्से में गजराज

रांची | सत्यदेव यादव

अब तक खबरें आ रही थीं कि वन्य जीवों के आक्रामक रुख अख्तियार करने और आहार की तलाश में आबादी वाले इलाकों में अतिक्रमण से लोग नाहक इनके शिकार हो रहे हैं। लेकिन झारखंड में वन विभाग की रिपोर्ट अलग ही कहानी कहती है। इसके अनुसार, राज्य में पिछले बीस दिनों में नौ लोगों में से सात इस कारण मारे गए कि उन्होंने जंगली हाथियों को विभिन्न तरीकों से उकसाया था।

वन विभाग के अनुसार अपने झुंड से बिछड़े इस हाथी ने जामताड़ा, दुमका और गोड्डा जिले में पांच से 24 जून के दौरान महिला सहित नौ लोगों को मौत के घाट उतार दिया है।

### सेल्फी लेने में गई मोटरसाइकिल सवार की जान



गोड्डा में अकेला हाथी दिखने पर लोग उत्साहित हो गए। मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति हाथी के साथ सेल्फी लेने के लिए उसके पास चला गया। उग्र हाथी ने इस व्यक्ति को खींच लिया और रौंद कर मार डाला। हाथी का स्वभाव है कि वह अपने रास्ते में इनसानों के दखल को बर्दाश्त नहीं करता है।

### भगाने आए चार को रौंदा

रिपोर्ट में यह उजागर हुआ है कि शौच के दौरान हाथी के सामने आने पर लोग उसे भगाने लगे जिससे हाथी ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया। ऐसे मामलों में दुमका में एक, गोड्डा में दो और जामताड़ा में एक व्यक्ति मारा गया। म्वन विभाग की अध्ययन रिपोर्ट से यह स्पष्ट हुआ है कि हाथी का मानसिक संतुलन ठीक है।

### दो हजार लोगों की जान ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि पिछले पांच साल में हाथियों ने 2,000 से अधिक लोगों की, जबकि बाघों ने 200 से अधिक लोगों की जान ली। पर्यावरण राज्य मंत्री बाबुल सुप्रियो ने निचले सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पिछले साल हाथियों ने करीब 494 लोगों की जान ली।

# कुत्तों ने मासूम को मार डाला

## आतंक

सहारनपुर | मुख्य संवाददाता

बेहट क्षेत्र के गांव दयालपुर में एक बार फिर आदमखोर कुत्तों ने दिल दहलाने वाली घटना को अंजाम दे डाला। कुत्ते मां के पास सो रहे 28 दिन के मासूम को खींचकर जंगल में ले गए। वहां पर नोच-नोचकर मौत के घाट उतार दिया। 25 जून को गांव के ही रजनीश के तीन माह के बेटे को कुत्तों ने निवाला बना डाला। इस वारदात को लोग भूले ही नहीं थे, कि चार दिन के भीतर फिर दूसरी वारदात को अंजाम दे डाला।



### हिंसक होने की वजह

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. भगवती शरण ने बताया कि कुत्तों के हिंसक होने के तीन मुख्य कारण हैं।

1. गर्मी के चलते कुत्ते परेशान हैं। जरा सी बात पर हिंसक हो रहे हैं।
2. मांस की लत लग जाना है। बूचड़खानों के निकट मांस के टुकड़े मिलते रहे हैं। लेकिन अब बूचड़खानों पर सख्ती से ऐसा नहीं हो पा रहा है।
3. अहम कारण फिलहाल कुत्तों का ब्रीडिंग सीजन हैं। ऐसे में कुत्ते हिंसक हो जाते हैं।

### गर्मी में चिड़चिड़ापन

इंसानों पर कुत्ते के हमले की एक प्रमुख वजह गर्मी है। आईवीआरआई बरेली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पावड़े कहते हैं कि–

- कोई इंसान किसी कुत्ते को मारता है तो कुत्ता उसको याद रखता है और अकेले देखकर हमला जरूर करता है।
- हॉस्पिटल कचरों में फेंके गए मानव भ्रूण या फिर इंसानी अंग खाने से कुत्तों को इसका स्वाद लग जाता है और वह बच्चों पर हमला कर देते हैं।

### आक्रामक हो रहे कुत्ते

डॉ. मुकेश श्रीवास्तव के अनुसार, कुत्ते द्वारा कुछ लोगों को काट लिए जाने की वजह से लोगों ने कुत्तों को भगा दिया या कुछ कुत्तों को मार डाला। इसे देखकर अन्य कुत्ते आक्रामक हो गए।

### हार्मोनल डिसआर्डर

कानपुर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसएन सिंह का कहना है कि हार्मोनल डिसआर्डर के कारण जुलाई से अक्तूबर तक कुत्तों का स्वभाव खूंखार हो जाता है।

# सफल सर्जरी के बाद सौम्या बन गई समीर

## नई पहचान

पटना | आशीष कुमार मिश्र

पटना की 32 साल की सौम्या अब लड़की नहीं रही। उनका लड़के में कायांतरण हो गया है। बेंगलुरू के एक नामचीन प्लास्टिक सर्जन के नेतृत्व में जटिल सर्जरी के बाद सौम्या का सेक्स बदला जा चुका है। इसी शनिवार (22 जून) को हुई यह सर्जरी पूरी तरह कामयाब रही।

सौम्या अब समीर भारद्वाज बन चुकी है। शारीरिक और कानूनी दोनों रूपों में यह साकार हो गया है। लड़की से लड़के में हुए इस कायांतरण को उसके परिवार ने भी सहर्ष स्वीकारा है। डॉक्टरों की राय में समीर भारद्वाज अब पिता बनने में भी सक्षम है।

सौम्या बिहार के समस्तीपुर जिले के मुजौना गांव की मूल वासी है। उसके पिता डॉक्टर लक्ष्मीकांत सजल लेखक हैं। पेशे से एरोनॉटिकल इंजीनियर सौम्या के समीर भारद्वाज बनने की पूरी प्रक्रिया आठ सालों में पूरी हुई है।

'हिन्दुस्तान' से बातचीत में उन्होंने बताया कि अब नई उड़ान भरने को तैयार हूं। मेरी शादी की शहनाई भी जल्द बजने वाली है।

खास बात यह है कि समीर से शादी करने को तैयार लड़की भी एरोनॉटिकल इंजीनियर है। उसने सौम्या को लड़का बनने की प्रक्रिया में भी भरपूर साथ दिया है।

**कंपनी ने उठाया पूरा खर्चा :** सौम्या की सफल सर्जरी बेंगलुरु के एस्टर सीएमआई हॉस्पीटल के सर्जन डॉक्टर मधुसूदन ने की है। डॉक्टर महेश एमएस और डॉक्टर आदित्य समेत पूरी टीम ने करीब छह घंटे की सर्जरी में साथ दिया। इस जटिल सर्जरी पर आया लाखों का खर्च उस कंपनी ने उठाया जिसमें सौम्या एरोनॉटिकल इंजीनियर है।



सर्जरी के बाद



सर्जरी से पहले

### कठिन जांच के बाद आगे बढ़ी बात

सौम्या को दो वर्षों के काउंसिलिंग के दौर से गुजरना पड़ा। मनोचिकित्सकों की लंबी जांच चली। तब जाकर उसे 'जेंडर आइडेंटिटी डिस्फोरिया' होने का प्रमाण पत्र मिला। हॉस्पिटल में इंडोक्रियोलॉजिस्ट विशेषज्ञों द्वारा हार्मोन की जांच की गई। फिर, हार्मोन थेरेपी से शरीर में 'मेल हार्मोन' की मात्रा बढ़ाई गई। इसमें सफल होने के बाद अब सर्जरी के द्वारा उनका सेक्स बदला गया।

सौम्या के लिए लड़का ढूंढ़ रहे थे। पर वह अब वह बेटा बन चुका है। बहू भी खोज ली है। जल्द ही बेटे समीर की शादी करेंगे।
**-डॉक्टर लक्ष्मीकांत,** समीर के पिता

जेंडर डिस्फोरिया को लेकर सर्जरी के दौरान दो साल तक समीर हमलोगों की निगरानी में रहे। सर्जरी का हिस्सा बन हम गर्व महसूस कर रहे हैं।
**- डॉक्टर मधुसूदन,** सौम्या के चिकित्सक

### आठ साल से जारी थी कोशिश

सौम्या महिला शरीर से मुक्ति पाने के सपने को पूरा करने में वर्ष 2011 से ही जुटी थी। छुटपन से ही उसपर लड़कों के हाव-भाव हावी थे। 12वीं करने के बाद उसने एरोनॉटिकल इंजीनियर की पढ़ाई की। इंजीनियर बनने के बाद एक कारपोरेट कंपनी के 'सेटेलाइट प्रोजेक्ट' में काम के साथ ही आस्ट्रेलिया से 'एस्ट्रोफिजिक्स' में डिप्लोमा किया।

## वायुसेना का विमान गुरुवार को अंबाला में पक्षी से टकराया था

# जगुआर के पायलट की सूझबूझ से टला हादसा

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

वायुसेना ने एक बड़े हादसे को टालने के लिए अपने नौजवान पायलट के पेशेवर अंदाज की सराहना की है। वायुसेना ने कहा कि अंबाला में गुरुवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद जगुआर विमान एक पक्षी से टकरा गया, लेकिन पायलट ने इससे उत्पन्न आपात स्थिति को बड़ी सूझबूझ से संभाला और विमान को सुरक्षित उतार लिया।

**ईंधन टैंक गिराए:** विमान को आपात स्थिति में उतारने से पहले ही उसके बाहरी ईंधन टैंक गिरा दिए। इनमें से एक टैंक रिहायशी क्षेत्र में गिरा, लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। इसके बाद मानक प्रक्रिया के अनुरूप पायलट ने ईंधन टैंक और कुछ अन्य चीजें गिरा दीं। इसके बाद विमान को सुरक्षित उतार लिया

**विमान का कुछ हिस्सा छत पर गिरा:** यह घटना उस वक्त हुई, जब जगुआर उस बाउंड्री वॉल तक पहुंचने वाला था, जो एयरफोर्स बेस को अंबाला के बलदेव नगर इलाके से अलग करती है। गिराए गए सामान का कुछ हिस्सा एक मकान की छत पर गिरा।




### प्रशिक्षण उड़ान पर था

जगुआर एक ट्रेनिंग मिशन पर जा रहा था, जिसमें दो अतिरिक्त फ्यूल ड्राप टैंक और कैरियर बम लाइट स्टोर्स पाड्स भी ले जाए जा रहे थे। पक्षी से टकराने के बाद विमान का एक इंजन बंद हो गया था।

### जोरदार धमाका हुआ

प्रत्यक्षदर्शी बलबीर ने बताया कि हमें जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके साथ ही पूरे इलाके में दहशत का माहौल हो गया। उन्होंने बताया कि ईंधन टैंक के कुछ हिस्से मेरे घर पर गिरे। इससे मेरा वाटर कूलर खराब हो गया।

### चार दिन में पक्षियों के टकराने की तीन घटनाएं

**वडोदरा।** वडोदरा हवाईअड्डे पर बीते चार दिनों में पक्षी के विमान से टकराने के तीन मामले सामने आए हैं इन घटनाओं के कारण विभिन्न एयरलाइंस के तीन विमान हवाईअड्डे पर फंसे रहे। वडोदरा हवाईअड्डे के निदेशक चरण सिंह ने कहा कि छोटे कीट-पतंगे एवं खाने-पीने की चीजों की वजह से हवाईअड्डा परिसर के आसपास बड़ी संख्या में पक्षी पाए गए हैं।

### विमान गिरता तो क्या होता?

वायुसेना का कहना है कि यदि पायलट यह कदम नहीं उठाता तो विमान दुर्घटना का शिकार हो सकता था तथा वह आसपास की आबादी को नुकसान पहुंचा सकता था। वायुसेना ने कहा कि पायलट ने पेशेवर दक्षता का परिचय दिया। वायुसेना ने इस हादसे का विडियो भी जारी किया है। जिसमें विमान पक्षी से टकराते और फिर फ्यूल टैंक गिराते और आग की लपटें उठती दिख रही हैं।

# 177 करोड़ के बैंक घोटाले में केस दर्ज




नई दिल्ली | पंकज कुमार पाण्डेय

जम्मू के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को 177 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में जम्मू-कश्मीर बैंक के प्रबंधन, अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ अवैध लाभ हासिल करने वाले लाभार्थियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

एसीबी ने विभिन्न जगहों पर छापेमारी भी की। केंद्रीय एजेंसियों के निर्देश पर की गई कार्रवाई की जानकारी केंद्र को भी दी गई है। सूत्रों ने कहा कि विभिन्न एजेंसियों की ओर से साझा औचक छापामारी में पाया गया कि वर्ष 2012 से 2017 के दौरान भागीदारी फर्म पैराडाइज एवेंयू को सारे नियम ताक पर रखकर करोड़ों रुपये का ऋण दिया गया। बाद में ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में बदल दिया गया।

### भ्रष्टाचार में घिरे पूर्व मुख्यमंत्री के भाई नबाम हरि

अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी के भाई नबाम हरि भ्रष्टाचार के आरोपों में घिर गए हैं। सीबीआई ने नबाम हरि सहित उनकी पत्नी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सरकारी ठेकों में भ्रष्टाचार को लेकर मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि भ्रष्टाचार का यह मामला तुकी के राज्य के लोक कल्याण मंत्री रहते हुए बिना अनुबंध आमंत्रित किये परिजन को ठेके देने से जुड़ा है। यह ठेके 2005 से 2007 के बीच दिये गए थे।

# पोंजी घोटाले में 209 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

बेंगलुरु/नई दिल्ली | एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कर्नाटक के आईएमए समूह से जुड़े पोंजी घोटाला मामले में 20 अचल संपत्ति समेत 209 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क की है।

इस मामले में ईडी ने कर्नाटक के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं वक्फ विभाग के मंत्री बी. जेड. जमीर अहमद खान को पूछताछ के लिए पांच जुलाई को तलब किया है। माना जाता है कि इस घोटाले में हजारों जमाकर्ताओं को चूना लगाया गया। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि उसके बेंगलुरु स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने धनशोधन निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 197 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति एवं बैंक खातों में जमा 12 करोड़ रुपये को कुर्क करने का अस्थायी आदेश दिया है।

हालांकि मंत्री ने बेंगलुरु की एक संपत्ति बेचने के अलावा समूह या उसके फरार मुख्य प्रवर्तक मोहम्मद मंसूर खान के साथ किसी प्रकार का कारोबारी संबंध से इनकार किया है, लेकिन एजेंसी कंपनी तथा उसके कामकाज से संबंध को लेकर जमीर खान से पूछताछ करना चाहती है।

# चंदा कोचर, पति दीपक से पूछताछ

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर, उनके पति दीपक कोचर और वीडियोकॉन के प्रवर्तक वेणुगोपाल धूत से शुक्रवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि तीनों से यह पूछताछ धनशोधन निरोधक अधिनियम (मनी लॉन्ड्रिंग) के तहत की गई। **(एजेंसी)**


**DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY**
Established by Govt. of NCT of Delhi vide Act 6 of 2009
(Formerly Delhi College of Engineering)
Shahbad Daulatpur, Bawana Road, Delhi–110042, www.dtu.ac.in

**Expression of Interest (EOI) for Empanelment of Insurance Brokers & NIT for Canteen services in DTU**

Expression of Interest (EOI) for Empanelment of Insurance Brokers & NIT for Canteen services in DTU

| S.No. | Item Description | Tender ID No. | Last date & time of submission |
|---|---|---|---|
| 1 | Expression of Interest (EOI) for Empanelment of Insurance Brokers | 2019_DTU_174948_1 | 16/07/2019 till 3:00 PM |
| 2 | NIT for Canteen services in DTU. | 2019_DTU_174948_1 | 17/07/2019 till 3:00 PM |

The detailed Scope of work, items, EMD, Tender document, Date & Time of submission of bids/opening of bids etc. are available on the 'e-procurement' website of Govt. of NCT of Delhi http://govtprocurement.delhi.gov.inand on university website http://www.dtu.ac.in against Tender ID No. mentioned above.
For participation in this tender through e-procurement solution, all the tenderers are required to have digital certificate and registration with the application service provider (ASP). Corrigendum if any will be issued through E-procurement portal only. Concerned bidders must monitor the same.
**Registrar**



**Digicontent Limited**
*(formerly HT Digital Ventures Limited)*
**CIN:** U74999DL2017PLC322147
**Registered Office:** Hindustan Times House (2nd Floor)
18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110 001
**Tel:** +91-11- 6656 1234 **Fax:** +91-11- 6656 1270
**Website:** www.digicontent.co.in **E-mail:** investor@digicontent.co.in

**NOTICE**

**NOTICE** is hereby given pursuant to Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that a meeting of the Board of Directors of Digicontent Limited will be held on Wednesday, the 31st July, 2019, at the Registered Office of the Company at Hindustan Times House (2nd Floor), 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi - 110001 to, *inter-alia*, consider and approve the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter ending on 30th June, 2019.

Investors may visit the websites of the Company (www.digicontent.co.in) and the Stock Exchanges viz. www.nseindia.com and www.bseindia.com for further details in this regard.

Further, in terms of the "Code of Conduct to Regulate, Monitor and Report Trading by Designated Persons" of the Company, the trading window for trading in the equity shares of the Company shall be closed **from Sunday, the 30th June, 2019 to Friday, the 2nd August, 2019** (both days inclusive), for the above purpose.

For **Digicontent Limited**

Sd/-
**(Vikas Prakash)**
**Company Secretary**

**Place:** New Delhi
**Date:** 28th June, 2019



HAVELLS

**हैवेल्स इंडिया लिमिटेड**
**रजि. ऑफिस:** 904, 9वीं मंजिल, सूर्या किरन बिल्डिंग, के. जी. मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110 001
**कॉर्पोरेट ऑफिस:** क्यूआरजी टॉवर्स, 2डी, सेक्टर–126, एक्सप्रेसवे, नोएडा–201 304
**फोन:** #0120–3331000, **फैक्स:** #0120–3332000, **वेब:** www.havells.com,
**ई–मेल:** investors@havells.com, **CIN**-L31900DL1983PLC016304

**नोटिस**

(अ) एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नोटिस में दिए गए साधारण एवं विशेष व्यवसायों पर कार्य करने के लिए कंपनी की 36वीं वार्षिक आम बैठक 27 जुलाई, 2019, शनिवार को सुबह 10 बजे श्री सत्य साई इंटरनेशनल सेंटर, प्रगति विहार, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003 में आयोजित की जायेगी। इस संबंध में सभी शेयरधारकों को व्यक्तिगत नोटिस वित्तीय वर्ष 2018–19 की वार्षिक रिपोर्ट के साथ पहले ही उनके पंजीत पतों पर भेज दिए गए हैं और जिन शेयरधारकों के ई–मेल पते कंपनी के पास उपलब्ध हैं, उनको ई–मेल भी कर दिये गये हैं। नोटिसों को भेजने/ई–मेल करने का कार्य 27 जून, 2019 को पूरा हो चुका था।

(ब) कंपनी ऐक्ट, 2013 के नियम 20, कंपनी (मैनेजमेंट एंड एडमिनिस्ट्रेशन) नियम, 2014 और सेबी के प्रासंगिक प्रावधानों (लिस्टिंग ऑब्लिगेशॅन एंड डिस्क्लोजर रिक्वाइर्मन्ट) रेग्यूलेशन, 2015 के साथ धारा 108 के संदर्भ में, कंपनी रिमोट के माध्यम से सुविधा प्रदान कर रही है! इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से ई–वोटिंग और इस तरह के मतदान के माध्यम से व्यापार का लेन–देन हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से या बैलेट/पोलिंग पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा बैठक में उन सदस्यों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्होंने बैठक में शामिल होने से पहले ई–वोटिंग द्वारा मतदान नहीं किया है। बोर्ड ने वोटिंग प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए सुश्री बालिका शर्मा, पेशेवर कंपनी सचिव को स्क्रूटिनाइजर नियुक्त किया है।

अ) सदस्य, जिनके पास भौतिक या डीमैटरियलाइज्ड शेयर हैं, नोटिस में वर्णित मुद्दों पर अपना वोट कटऑफ तारीख यानि 20 जुलाई, 2019 को ई–वोटिंग सुविधा के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक तौर पर डाल सकते हैं।

कोई भी व्यक्ति, जो नोटिस भेजे जाने के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बनता है और कट–ऑफ तारीख अर्थात 20 जुलाई, 2019 को कंपनी के शेयर धारण करता है, evoting@nsdl.co.in या investors@havells.com पर ई–मेल भेजकर और उसमें अपना फोलियो नं./डीपी आईडी और ग्राहक आईडी लिखकर लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। लेकिन यदि आप पहले से ही ई–वोटिंग के लिए एनएसडीएल में पंजीत हैं, तो आप अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके अपना वोट डाल सकते हैं।

ब) रिमोट ई–वोटिंग का समय 24 जुलाई, 2019 (सुबह 8:30 बजे) शुरु होगा और 26 जुलाई, 2019 (शाम 5:00 बजे) समाप्त हो जायेगा। उसके बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए अक्षम कर दिया जायेगा।

स) उक्त तिथि और समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

द) वार्षिक आम सभा में मतदान की सुविधा, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम या बैलेट/पोलिंग पेपर, दोनों माध्यमों से उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले ऐसे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, बैठक में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए योग्य माने जायेंगे।

य) जिन सदस्यों ने बैठक से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल दिया है, वे भी एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन वे बैठक में दोबारा अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

र) कोई व्यक्ति, जिसका नाम कट–ऑफ तारीख को सदस्य–रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभ के अधिकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, बैठक में रिमोट ई–वोटिंग या मतदान की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा।

ल) सदस्य नोट कर लें कि 36वीं वार्षिक आम बैठक का नोटिस और 2019 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.havells.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं और वे निरीक्षण के लिए किसी भी कार्य दिवस को सामान्य कार्य समय के दौरान कंपनी के पंजीत कार्यालय में उपलब्ध हैं।

व) सदस्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग करने से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए कंपनी सचिव श्री संजय कुमार गुप्ता, कॉर्पोरेट कार्यालय, क्यूआरजी टावर्स, 2डी, सेक्टर 126, एक्सप्रेसवे, नोएडा– 201 304 (उ.प्र.) फोन: +91–120–3331000; ई–मेल: investors@havells.com पर संपर्क कर सकते हैं।

(स) एतद्द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी ऐक्ट, 2013 की धारा 91 और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशॅन एंड डिस्क्लोजर रिक्वाइर्मन्ट) रेग्यूलेशन, 2015 के नियम 42 के अनुपालन में कंपनी के रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण पुस्तकें 20 जुलाई, 2019, शनिवार से 26 जुलाई, 2019, शुक्रवार (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगी, इस दौरान 29 मई, 2019 को आयोजित बोर्ड की बैठक में बोर्ड की अनुशंसा के अनुसार 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 1 रु. के इक्विटी शेयरों पर प्रति शेयर 4.50 रुपये के अंतिम लाभांश के भुगतान की पात्रता का निर्धारण किया जायेगा।

**बोर्ड की आज्ञानुसार**
**कृते हैवेल्स इंडिया लिमिटेड**
**हस्ताक्षर**
**संजय कुमार गुप्ता**
**कंपनी सचिव**
**नोएडा, 28 जून, 2019**



**दिल्ली विकास प्राधिकरण**

**व्यावसायिक संपदा शाखा**
**सार्वजनिक सूचना**

दिव्यांग व्यक्तियों हेतु माननीय राज्य आयोग के निर्देशों के अनुपालन में द्वारका मार्किट के सभी आबंटितियों/अधिभोगियों की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि वे **"दिव्यांग व्यक्ति अधिकार अधिनियम–2016"** के प्रावधानों के अनुसार व्हील चेयर, ट्रॉली, रैम्प्स, असिस्टेंस डॉग्स, मोबाइल कार्ट आदि जैसी आवश्यक सुविधाएं नीचे दी गई सूची के अनुसार द्वारका मार्किट में, जहां लागू हो, अपनी संबंधित दुकानों में उपलब्ध करायें :

| | |
|---|---|
| 1. | द्वारका फेज–I, सेक्टर–19, पॉकेट–बी स्थित सुविधा बाजार |
| 2. | द्वारका, फेज–I स्थित सुविधा बाजार |
| 3. | द्वारका, फेज–I, सेक्टर–19, पॉकेट–3, स्थित एक मंजिला सुविधा बाजार |
| 4. | नसीरपुर, द्वारका, पॉकेट–6 स्थित सुविधा बाजार |
| 5. | पॉकेट–1, सेक्टर–17, द्वारका, फेज–II स्थित सुविधा बाजार |
| 6. | सेक्टर–11, द्वारका, फेज–I स्थित सुविधा बाजार |
| 7. | सेक्टर–4, द्वारका, फेज–I स्थित सुविधा बाजार |
| 8. | सेक्टर–10, एचएएफ पॉकेट–बी, द्वारका स्थित सुविधा बाजार |
| 9. | सेक्टर–10, द्वारका, फेज–I स्थित सुविधा बाजार |
| 10. | सेक्टर–18 बी, द्वारका, फेज–II स्थित सुविधा बाजार |
| 11. | सेक्टर–22, एचएएफ पॉकेट–बी, द्वारका स्थित सुविधा बाजार |
| 12. | पॉकेट–2, सेक्टर–9, द्वारका, फेज–I में सुविधा बाजार |
| 13. | सेक्टर–2, एचएएफ, पॉकेट, द्वारका, फेज–I में सुविधा बाजार |
| 14. | सेक्टर–2, एचएएफ, पॉकेट, द्वारका, फेज–II में सुविधा बाजार |
| 15. | प्लॉट नंबर 13 और 14, सेक्टर–6, द्वारका, फेज–I स्थित स्थानीय बाजार |
| 16. | सेक्टर–5, द्वारका फेज–I स्थित प्लॉट नंबर 18/12 पर स्थानीय बाजार |
| 17. | सेक्टर–5, द्वारका फेज–I स्थित प्लॉट नंबर 19/12 पर स्थानीय बाजार |
| 18. | आवासीय योजना के अंतर्गत पॉकेट–8, सेक्टर–23 बी, द्वारका स्थित दुकानें |
| 19. | सेक्टर–19, द्वारका फेज–I (अंबराई गांव के निकट) स्थित सुविधा बाजार में एक मंजिला दुकानें |
| 20. | डाबड़ी मोड़ स्थित सब्जी के स्टॉल (20-ए स्थित स्टॉलों को गिराने के एवज में आबंटित) |
| 21. | डाबड़ी मोड स्थित सब्जी के स्टॉल (20-सी स्थित दुकानों को गिराने के एवज में आबंटित) |
| 22. | द्वारका स्थित अलग पड़ी हुई पॉकेट–20 सी स्थित सब्जी के स्टॉल |

उप निदेशक (व्यावसायिक सम्पदा)

कृपया Google play के DDA ऐप्स पर अपना फीडबैक दें।

कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.org.in देखें या टॉल फ्री नं. 1800110332 डायल करें